CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 232 □ रायपुर, सोमवार 15 सितम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## छत्तीसगढ़ में जल्द शुरू होगी 5000 शिक्षकों की भर्ती : साय



**रायपुर,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है. राज्य में जल्द ही 5000 नए शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होने जा रही है. इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से उन्होंने शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाली है, तभी से उनकी प्राथमिकता रही है कि विभाग की गहराई से समीक्षा की जाए और सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं. सीएम ने बताया कि सरकार शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की नींव मानती है और उसी सोच के तहत सबसे पहले शिक्षा विभाग की एक गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस समीक्षा में सामने आया कि राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों का अनुपात सही नहीं है. कई स्कूलों में छात्र तो ज्यादा हैं, लेकिन शिक्षक नहीं, और कई शहरी इलाकों में शिक्षक तो ज्यादा हैं लेकिन छात्रों की संख्या कम है.

### शासकीय महाविद्यालयों में 700 पदों पर होगी भर्ती

इधर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उच्च शिक्षा में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बड़ा निर्णय लिया गया है जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों की कमी को दूर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार तथा उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने 700 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान की है। यह आदेश प्रदेश के युवाओं के लिए आशा और अवसर की नई किरण लेकर आया है।

**625 सहायक प्राध्यापक पदों पर भर्ती हेतु स्वीकृति**- भर्ती हेतु स्वीकृत पदों में सहायक प्राध्यापक के 625 पद शामिल किए गए हैं। इन पदों पर भर्ती होने से महाविद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता और शोध कार्यों में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा।

**क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों पर भर्ती से खेल गतिविधियों को बढ़ावा** -इसी क्रम में क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों की नियुक्ति से महाविद्यालयों में खेलकूद और शारीरिक शिक्षा की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

**ग्रंथपाल के 50 पदों पर भर्ती से पुस्तकालय होंगे सशक्त**- इसके अतिरिक्त ग्रंथपाल के 50 पदों पर भी भर्ती की स्वीकृति दी गई है। ग्रंथपालों की नियुक्ति से पुस्तकालयों का बेहतर संचालन होगा और विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री अधिक व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और अधिकारियों की संख्या बढने से विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### वक्फ एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## 3 गैर मुस्लिम, 5 साल वाली शर्त खारिज

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की कुछ धाराओं पर रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने वक्फ बनाने वाले और अतिक्रमण के विवादों का निपटारा करने वाले से संबंधित प्रावधानों पर रोक लगा दी, साथ ही वक्फ बोर्डों के गठन पर भी सिफारिशें जारी कीं।



सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया कि नए कानून को संवैधानिक चुनौतियों के बड़े मामले की सुनवाई के दौरान वक्फ अधिनियम को पूरी तरह से स्थगित करने का कोई मामला नहीं बनाया गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हमने पाया है कि पूरे अधिनियम को चुनौती दी गई है, लेकिन मूल चुनौती धारा 3(आर), 3सी, 14 थी। हमने 1923 के अधिनियम के विधायी इतिहास का अध्ययन किया है और प्रत्येक धारा के लिए प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया है और पूरे कानून के लिए पक्षों को सुनने का कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन जिन धाराओं को चुनौती दी गई है, उन पर हमने स्थगन आदेश दिया है।

- पांच साल तक इस्लाम का अभ्यास करने का नियम स्थगित
- वक्फ संपत्ति सत्यापन संबंधी प्रावधानों पर रोक
- ज़िला कलेक्टर की शक्तियाँ प्रतिबंधित

धारा 3(1)(आर), जिसके तहत वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति का पाँच साल तक इस्लाम का अभ्यास करना अनिवार्य है, को स्थगित कर दिया गया है। न्यायालय ने कहा कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा जब तक राज्य सरकारें इस आवश्यकता को सत्यापित करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं।

सुप्रीम कोर्ट ने धारा 3सी(2) के प्रावधान पर भी रोक लगा दी है, जिसमें कहा गया था कि किसी संपत्ति को तब तक वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा जब तक कि कोई सरकारी अधिकारी संभावित अतिक्रमण की सूचना न दे। धारा 3सी(3), जिसके तहत अधिकारी को राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करना और संपत्ति सरकारी होने पर राज्य सरकार को रिपोर्ट करना आवश्यक था, को भी निलंबित कर दिया गया है।

अदालत ने धारा 3सी(4) पर रोक लगा दी, जो ज़िला कलेक्टर को यह निर्धारित करने का अधिकार देती थी कि कोई संपत्ति सरकारी है या नहीं और आदेश पारित कर सकती थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, कलेक्टर को अधिकार निर्धारित करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के विरुद्ध है। किसी कार्यपालिका को नागरिकों के अधिकार निर्धारित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### महाराष्ट्र के नक्सली कमांडर ने किया सरेंडर

**गरियाबंद,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की निवासी जानसी उर्फ वछेला मटामी ने माओवादी संगठन को अलविदा कहकर गरियाबंद पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. वे 8 लाख रूपए की ईनामी माओवादी थी. पुलिस के मुताबिक जानसी ने माओवादियों की खोखली विचारधारा, निर्दोष ग्रामीणों पर अत्याचार और संगठन के भीतर छोटे कैडरों के शोषण से तंग आकर यह कदम उठाया. पुलिस के मुताबिक जानसी का माओवादी संगठन से लंबा जुड़ाव रहा. 2005 में जनमिलिशिया सदस्य के रूप में शुरुआत करने वाली जानसी को 2006 में माओवादी कमांडर रनिता ने संगठन में भर्ती किया. इसके बाद उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में काम किया, जिसमें 2007 में गार्ड, 2008 से 2011 तक प्रेस संबंधी कार्य, और 2014 से 2022 तक नगरी एरिया कमेटी में कमांडर के पद शामिल हैं. 2022 से वह नगरी एरिया कमेटी की सचिव थीं.

#### सड़क हादसे में बस्तर फाइटर जवान की मौत

**बीजापुर,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बीती शाम एक बस्तर फाइटर जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई. घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है जब जवान बाइक पर सवार होकर आवापल्ली से बीजापुर की तरफ आ रहा था. इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार कार से बाईक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, मृत जवान की पहचान रामकृष्ण ककेम के रूप में हुई है, जो ग्राम इलमिडी के कसारामपारा का रहने वाला था। वह आज सुबह ही अपनी बाइक से आव्वापल्ली से बीजापुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान महादेवघाट के पास उसकी बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का सामने हिस्सा और बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होगए.

#### 10 साल पुराने आधार कार्ड वाले 14 जून तक कर सकेंगे अपडेट

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (न्यूज चैनल)। आज के डिजिटल भारत में आधार कार्ड सिर्फ एक आईडी प्रूफ नहीं, बल्कि हर नागरिक की डिजिटल पहचान की रीढ़ बन चुका है। चाहे सरकारी योजनाओं का लाभ लेना हो, बैंक अकाउंट खोलना हो या फिर स्कूल में बच्चे का एडमिशन - हर जगह आधार की ज़रूरत अनिवार्य है। ऐसे में अगर आपके आधार में नाम, पता या जन्मतिथि जैसी कोई जानकारी गलत है या बहुत पुरानी हो चुकी है, तो उसे अपडेट करना बेहद

## महाराष्ट्र को मिला नया राज्यपाल, आचार्य देवव्रत ने राजभवन में ली शपथ



**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (न्यूज चैनल)। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सोमवार को महाराष्ट्र के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। शपथ समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप-मुख्यमंत्री एकांत शिंदे भी शामिल हुए। आचार्य देवव्रत ने सीपी राधाकृष्णन का स्थान लिया है, जिन्होंने भारत के उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था।

## वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर भीषण हादसे में छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत



**मुख्यमंत्री साय ने जताया शोक**

**रायपुर,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर आज सुबह भीषण बस दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के चार श्रद्धालुओं की मौत और छह लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा ङ्क वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में कांकेर और राजनांदगांव जिले के चार श्रद्धालुओं के असमय निधन व छह के गंभीर रूप से घायल होने का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग, घायलों का समुचित इलाज और मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।अयोध्या से दर्शन कर लौट रही छत्तीसगढ़ के कांकेर और राजनांदगांव जिले की डबल डेकर टूरिस्ट बस सीहीपुर क्रॉसिंग के पास ओवरटेकिंग के दौरान ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि छह यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान कांकेर जिले की आशा भवल, गुलाब, बस चालक दीपक और एक अन्य अज्ञात यात्री के रूप में हुई है। सभी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर जाने के लिए रवाना हुए थे। हादसे वक्त बस में कुल 50 यात्री सवार थे।

## दिल्ली, हरियाणा और एनसीआर में गैंगस्टरों के 25 ठिकानों पर छापे, 26 हिरासत में, 6 गिरफ्तार



**380 पुलिसकर्मी तैनात, हथियार और लग्जरी गाड़ियां बरामद**

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (न्यूज चैनल)। द्वारका जिला पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में 25 ठिकानों पर छापेमारी करके साल के सबसे बड़े गिरोह-विरोधी अभियानों में से एक को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में द्वारका के डीसीपी की निगरानी में 25 पुलिस टीमों और 380 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कुल छापेमारी स्थलों में से 19 दिल्ली में और 6 हरियाणा-एनसीआर में थे। इस अभियान में विशेष रूप से कपिल सांगवान उर्फ ??नंदू और विक्की टक्कर के आपराधिक नेटवर्क को निशाना बनाया गया, जिन पर जबरन वसूली, हत्या और हथियारों की तस्करी के कई आरोप हैं।

25 छापेमारी स्थलों में से 19 दिल्ली में और 6 हरियाणा-एनसीआर में थे। यह कार्रवाई कपिल सांगवान उर्फ नंदू और विक्की टक्कर के आपराधिक नेटवर्क पर केंद्रित थी, दोनों ही जबरन वसूली, हत्या और हथियारों की तस्करी सहित कई हाई-प्रोफाइल अपराधों के लिए पुलिस की नज़र में रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान नकदी, हथियार और विलासिता की वस्तुओं का एक बड़ा जखीरा बरामद किया- 35 लाख नकद, लगभग ?50 लाख मूल्य के सोने के आभूषण, 8 पिस्तौल, 29 ज़िंदा कारतूस और 3 मैगज़ीन, एक बुलेटप्रूफ टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक ऑडी कार, 14 महंगी लग्ज़री घड़ियाँ, लैपटॉप, आईपैड, एक कैश गिनने की मशीन और वॉकी-टॉकी सेट।

## टैक्सी ने बाइक सवार परिवार को मारी ठोकर, फिर 150 मीटर तक घसीटा, चालक हुआ फरार



**रायपुर,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे से सनसनी फैल गई। मुंबई-रायपुर हाइवे पर रिंग रोड 2 के पास करीब 10.30 बजे एक उबर टैक्सी कार (क्रमांक सीजी 04 एलएफ 9695) ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मारी और करीब 150-200 मीटर तक घसीटते हुए घायल कर दिया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में बाइक चला रहे युवक के सिर में गंभीर चोट आई। बाइक पर पति, पत्नी और एक 1 साल से कम उम्र की बच्ची सवार थे। डीडी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस मामले में पुलिस ने जानकारी दी कि सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उबर टैक्सी का चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मौके पर डीडी नगर थाना टीआई और पुलिसकर्मी मौजूद है।

## छत्तीसगढ़ के अगले मुख्य सचिव होंगे आईएएस विकासशील एशियन डेवलपमेंट बैंक से हुए रिलीव



**रायपुर,** 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विकासशील अगले मुख्य सचिव होंगे. विकासशील एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर तैनात थे। जनवरी 2024 में उन्हें केंद्र सरकार ने तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर भेजा था। विकासशील अगले हफ्ते छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं।

विकासशील ने 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की थी। छत्तीसगढ़ कैडर में आते ही उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियाँ निभाईं। वे रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े जिलों में कलेक्टर रहे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ शासन में उद्योग, वित्त, स्वास्थ्य और सामान्य प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व भी संभाला है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहने के दौरान उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय में वरिष्ठ पदों पर कार्य का अनुभव मिला। जल जीवन मिशन में मिशन डायरेक्टर के रूप में उनकी भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। मार्च 2025 में केंद्र सरकार ने उन्हें Secretary/Secretary-equivalent ग्रेड के लिए एंपैनल किया। इस एंपैनलमेंट को छत्तीसगढ़ कैडर में उनकी सीनियरिटी और अनुभव के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने हाल ही में एडीबी को पत्र लिखकर विकासशील को समय से पहले रिलीव करने का अनुरोध किया था। भारत सरकार के पत्र के बाद एडीबी ने उन्हें रिलीव कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासशील अगले हफ्ते ही रायपुर आ जाएंगे, उनकी पत्नी निधी छिब्बर भी 1994 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, वे भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से रिलीव होकर छत्तीसगढ़ लौट रही है।




**चूहा- सुनती हो, अब यहां न्यूड पार्टी का भी आयोजन होगा क्या?**

**चुहिया- हां जी, न्यूड लोग ही अपने आपको समाज और कानून से ऊपर समझते हैं।**

## गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित पोस्ट, 24 घंटे बाद भी नहीं दर्ज हुआ एफआईआर



- सांसद के साथ भाजपाइयों ने थाने का किया घेराव, टीआई को हटाने की मांग पर आड़े, एमपी भोजराज नाग ने कहा- नहीं चलेगी कोई मनमानी

कांकेर, 15 सितंबर (हाईवे चैनल)। देर रात कांकेर कोतवाली थाने में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसद भोजराज नाग सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और संगठन से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस नेता द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद पोस्ट किए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। शिकायत दिए जाने के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद केस दर्ज नहीं होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई और थाने में जमकर हंगामा किया। वहीं पदस्थ टीआई को हटाने की मांग को लेकर भी भाजपाइयों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर मौजूद सांसद भोजराज नाग ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक व्यक्ति ने आपत्तिजनक बातें लिखी हैं और उनके भाषण के वीडियो को एडिट किया गया है जो वायरल हो रहा है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंची है। भाजपा जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ हमने थाना आकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी का कहना है कि एसपी ने एफआईआर लिखने से मना किया है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी और आरोपी पर कार्रवाई नहीं होगी, हम यहां से नहीं हटेंगे। अमित शाह देश के गृह मंत्री हैं, उनका अपमान हम सबका अपमान है।

सांसद नाग ने स्पष्ट कहा कि यदि संबंधित व्यक्ति पर तुरंत एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो वे शासन को पत्र लिखकर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जनता का प्रतिनिधि और सांसद कहने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है, तो आम जनता की शिकायतों पर कैसे न्याय मिलेगा? उन्होंने कहा कि कोई मनमानी हम नहीं चलने देंगे। निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आम जनता की सुनी जाती है और जो भी कानून सम्मत बात होगी, जो भी कार्रवाई होगी, उसे करना ही पड़ेगा। क्योंकि संविधान में सबको अधिकार है और संविधान सर्वोच्च है, उसका पालन करना ही पड़ेगा। इसलिए ऐसे टीआई के खिलाफ मैं शासन को पत्र लिखूंगा।

CMYK